an>

Title: Need to shut down slaughter houses in Unnao district, Uttar Pradesh causing pollution of Lon river of the region and posing a serious health hazard to the people of the region.

डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज (उन्नाव) : महोदय, जनपद उन्नाव, उत्तर प्रदेश में टेनरियों व बूचड़खानों के कारण लोन नदी भयंकर रूप से प्रदूषित है। बूचड़खानों के मलबे से लोन नदी लबालब भरी है। लोन नदी से लगे नालों से पानी शहर की गलियों में घुस जाता है, छोटी सी वर्षा से उन्नाव नगर डूबने लगता है, बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं, दूषित जल घर में घुस जाता है तथा जाम लग जाता है। सरकार गंगा को निर्मल, अविरल बनाने के लिए नदियों को आपस में जोड़ने के लिए संकल्पबद्ध है, परन्तु जनपद उन्नाव में लोन नदी की स्थिति भयानक है तथा लोन नदी के मलबे में फंसकर पशु मर जाते हैं, जल दूषित हो रहा है। अतः लोन नदी की तत्काल सफाई का कार्य कराया जाए व उन्नाव में मेरे साथ केन्द्र सरकार की टीम भेजी जाए। यहां स्थित चमड़ा फैक्ट्री या अन्य किसी फैक्ट्री में ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है जिससे फैक्ट्रियों से निकलने वाला कैमिकलयुक्त पानी तथा बूचड़खानों से निकलने वाला खून 12 इंच बोर से जमीन अंदर जाता है। दूषित जल पीने से उन्नाव में विकलांग बच्चे पैदा हो रहे हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि लोन नदी की सफाई कराई जाए और सभी फैक्ट्रियों में ट्रीटमेंट प्लांट अनिवार्य किया जाए और बूचड़खाने बंद किए जाएं क्योंकि इन बूचड़खानों का पूरा मांस विदेशों को निर्यात किया जाता है। जब दुधारु पशु काट दिए जाएंगे तो सरकार की श्वेत क्रान्ति का लक्ष्य कैसे पूरा होगा।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Only the approved text will go on record and other things will not go on record.